**राजस्थान सरकार**
**(निर्वाचन विभाग)**

क्रमांक एफ.7(2)(9)सांख्यिकी/निर्वा/2015/ 4717 जयपुर दिनांक 11-12-2015

**प्रेषक : मुख्य निर्वाचन अधिकारी,**
राजस्थान, जयपुर।

**प्रेषिति : समस्त जिला निर्वाचन अधिकारी,**
(कलेक्टर) राजस्थान।

**विषय :– मतदाता सूचियों में से मृत व्यक्तियों के नाम विलोपित करने बाबत।**

**संदर्भ :– भारत निर्वाचन आयोग का पत्र क्रमांक No. 23/2012-ERS(Vol.III) dated 20 September 2012**

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा समय समय पर यह निर्देश जारी किये जाते रहे है कि सभी निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी अपने अपने विधानसभा क्षेत्रों में मृत व्यक्तियों के नाम चिन्हित कर उनकी प्रविष्टि मतदाता सूचियों में से हटाने की कार्यवाही करेगे जिससे मृत हो गये व्यक्तियों की प्रविष्टि का मतदाता सूची में से दुरूपयोग होने से बचा जा सके। आयोग ने इस क्रम में यह भी निर्देशित किया है कि इस सम्बन्ध में सभी निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी अपने अपने क्षेत्र के जन्म एवं मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों से निरन्तर सम्पर्क कर यह सुनिश्चत करेंगे कि उनकी विधानसभा क्षेत्रों की मतदाता सूची में से मृत व्यक्तियों/मतदाताओं का नाम विलोपित हुये अथवा नही।

यद्यपि आयोग के उपरोक्त निर्देशों के क्रम में राज्य के सभी निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को उक्त दिशा–निर्देश जारी किये गये थे परन्तु कार्य की समीक्षा के दौरान यह पाया गया कि अब तक उक्त सूचना ऑनलाईन उपलब्ध नही होने के कारण अधिकांश विधानसभा क्षेत्रों में इस दिशा में उल्लेखनीय प्रगति नहीं हो पाई है।

विभाग की जानकारी में यह आया है कि वर्तमान में आर्थिक एवं सांख्यिकी निदेशालय द्वारा राज्य में जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण प्रणाली को पूर्ण रूप से ऑनलाईन कर दिया गया है। निदेशालय ने इस कार्य के लिये एक ऑन लाईन बेवपोर्टल **"पहचान"** विकसित कर प्रारम्भ किया है जिसमें राज्य के सभी 11000 से अधिक जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण अधिकारी अपने अपने क्षेत्र में हुये जन्म एवं मृत्यु के पंजीकरण के कार्य को **"पहचान"** पोर्टल पर ऑनलाईन अपडेट कर रहे है।

निर्वाचन विभाग ने उक्त पोर्टल का अवलोकन करने पर यह पाया कि यदि मृत व्यक्तियों की क्षेत्रवार मासिक सूचना राज्य के सभी 200–निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को ऑनलाइन उपलब्ध हो जाने से केवल उन्हें अपनी विधानसभा क्षेत्र में समय समय पर मृत हुये व्यक्तियों को चिन्हित कर उनके नाम निहित प्रक्रिया अनुसार मतदाता सूचियों में से विलोपित करने में सुविधा होगी अपितु आयोग के दिशा–निर्देशानुसार इससे मतदाता सूचियों के शुद्धिकरण के कार्य को भी अधिक दक्षता से आगे बढाया जाना सम्भव हो सकेगा।

आर्थिक एवं सांख्यिकी निदेशालय द्वारा उपलब्ध कराई जा रही उक्त ऑनलाईन सुविधा को निर्वाचन विभाग के हित में उपयोग में लेने के लिये यह निर्णय लिया गया है कि **''पहचान''** पोर्टल का लिंक निर्वाचन विभाग की बेवसाइट (ceorajasthan.nic.in) पर उपलब्ध करा दिया जाये तथा साथ ही उक्त पोर्टल से वांछित सूचना प्राप्त करने के लिये निर्वाचन विभाग को पृथक से यूजर नेम एवं पासवर्ड आवंटित कर दिये जावें।

इस के क्रम में निर्वाचन विभाग ने अपनी बेवसाइट (ceorajasthan.nic.in) पर **''पहचान''** पोर्टल का लिंक उपलब्ध करा दिया है तथा निर्वाचन विभाग के लिये इसका यूजर नेम **ceoraj** एवं पासवर्ड **Ceo$2015** है। **सभी निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को यह निर्देशित किया जाता है कि वह उक्त यूजर नेम एवं पासवर्ड की सहायता से अपने अपने क्षेत्र के मृत व्यक्तियों की सूचना हर माह निकाल कर यह सुनिश्चित करेंगे कि सम्बन्धित व्यक्तियों के नाम मतदाता सूची में दर्ज है अथवा नही। यदि उक्त व्यक्तियों के नाम सम्बन्धित विधानसभा क्षेत्र की मतदाता सूची में दर्ज पाये जाते है तो सम्बन्धित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी निर्धारित प्रक्रिया को अपनाते हुये ऐसे चिन्हित मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में से विलोपित करने की कार्यवाही करेंगे। नाम विलोपन की कार्यवाही न केवल मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण अभियान के दौरान की जानी है अपितु यह कार्यवाही मतदाता सूचियों के निरन्तर अद्यतन की कार्यवाही के अन्तर्गत वर्ष पर्यन्त मासिक आधार पर की जानी है। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियो का पुनः ध्यान आकर्षित किया जाता है कि मतदाता सूची में से मतदाता का नाम विलोपित करने से पूर्व निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण नियम 1960 में दिये गये नियमों की पालना सुनिश्चित करेगें।**

सभी जिला निर्वाचन अधिकारी अपने जिले से सम्बन्धित उक्त कार्य की मासिक सूचना निम्न प्रारूप में प्रत्येक माह की 10 तारीख को इस विभाग को ई–मेल के माध्यम से प्रेषित किया जाना सुनिश्चित करे :–

## पहचान पोर्टल के माध्यम की सहायता से विलोपित किये गये मतदाताओं की सूचना

जिले का नाम :– ............................................ माहः– ...................................

| क्रम संख्या | विधानसभा क्षेत्र का नाम | गत माह में विलोपित किये गये मतदाताओं की संख्या | गत माह तक विलोपित किये गये मतदाताओं की कुल संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| | | | |
| | | | |

**नोट :–** उक्त सूचना माह फरवरी 2016 से प्रेषित की जानी है। फरवरी माह की सूचना में कालम संख्या 3 में सम्बन्धित विधानसभा क्षेत्र में जनवरी 2016 माह में पहचान पोर्टल के माध्यम से विलोपित किये गये मतदाताओं की कुल संख्या अंकित करनी है तथा कालम संख्या 4 में मार्च 2016 से से पिछले माहों की संकलित सूचना का योग अंकित किया जाना है।

कृपया उक्त दिशा–निर्देश अपने जिले के सभी निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के ध्यान में लाया जाना सुनिश्चित करे तथा 1 जनवरी 2016 से उक्त कार्य की हर माह मासिक समीक्षा कर विभाग को यह अवगत कराने का श्रम करे कि उक्त पोर्टल पर उपलब्ध कराई जा रही उक्त सुविधा का उपयोग कर आपकी जिले की किस किस विधानसभा क्षेत्र में कितने मृत पाये गये मतदाताओं के नाम विलोपित करने की कार्यवाही की गई है।

कृप्या इसे सर्वोच्च प्राथमिकता देवें।

भवदीय

(डॉ. गोविन्द शर्मा)
मुख्य निर्वाचन अधिकारी,
राजस्थान, जयपुर।

क्रमांक एफ.7(2)(9)सांख्यिकी/निर्वा/2015/ जयपुर दिनांक

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. निदेशक, आर्थिक एवं सांख्यिकी निदेशालय, जयपुर।
2. समस्त निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, राजस्थान, जयपुर।
3. रोल्स शाखा निर्वाचन विभाग, जयपुर।

उप मुख्य निर्वाचन अधिकारी,
राजस्थान, जयपुर।

# ''पहचान'' पोर्टल उपयोग करने के निर्देश

1. सर्वप्रथम हम निर्वाचन विभाग की बेवसाइट ceorajasthan.nic.in पर जाकर **''पहचान''** पोर्टल पर क्लिक करेगें।

2. उसके बाद पहचान पोर्टल के लॉगिन पेज पर यूजर नेम **CEORAJ** पासवर्ड **Ceo$2015** एवं कोड डालकर उसमें प्रवेश बटन दबायेगें।

3. उसके पश्चात् प्रतिवेदन पर जाकर (प्रगति रिपोर्ट–रजिस्ट्रार) पर क्लिक करेगें।

4. उसके पश्चात् शहरी अथवा ग्रामीण जिस भी क्षेत्र की रिपोर्ट देखनी हो उसका चयन करेगे एवं उसके बाद दिनांक से ............ दिनांक ............. तक में वांछित अवधि का चयन करके उसमे प्रवेश करेगें।

5. उसके पश्चात् आपको स्क्रीन पर राजस्थान के सभी जिलो की सूची दिखाई देगी जिसमें से आपको अपने जिले का चयन करना होगा।

6. जिले का चयन करने के पश्चात् आपको पंचायत समिति / शहरी निकाय के नामों की सूची में से सम्बन्धित पंचायत समिति / शहरी निकाय का चयन करना होगा।

7. चयन करने के पश्चात् आपको उस क्षेत्र के समस्त रजिस्ट्रार की सूची स्क्रीन पर दिखाई देगी उसके आगे मृत व्यक्तियों की संख्या पर क्लिक करने पर मृत व्यक्तियों की सूची उपलब्ध होगी जिसे आप प्रिन्ट भी निकाल सकते है।

8. कार्य पूरा होने पर बाहर जाये का बटन क्लिक करना होगा।

## प्रारूप संख्या-8
## देखिये नियम -12
# मृत्यु रजिस्टर
## (मृत्यु प्रतिवेदन के विधिक एवं सांख्यिकी भाग पर आधारित)
### पंजीकरण इकाई :-पादरडी बडी / सागवाडा / डूंगरपुर / राजस्थान
### रजिस्ट्रेशन दिनांक (01/08/2015 - 30/11/2015) के अनुसार

| क्रम संख्या | पंजीकरण संख्या | रजिस्ट्रीकरण की तारीख | मृत्यु की तारीख | मृतक का नाम | मृतक के पिता/पति का नाम | मृतक की माता का नाम | मृतक का स्थायी निवास स्थान का पता | मृतक का मृत्यु के समय पता | लिंग (पु/स्त्री) | मृतक की आयु | मृत्यु के स्थान का नाम एवं पूर्ण पता | मृत्यु का कारण | सूचनादाता का नाम एवं पता | सूचना देने वाले के हस्ताक्षर या बाये हाथ के अंगूठे का निशान | रजिस्ट्रार /उप रजिस्ट्रार के हस्ताक्षर | टिप्पणियाँ |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 08124006480026200002 | 14/08/2015 | 26/06/2015 | मनजी मोर् / MANJI MOR | कच्ररा मोर् / KACHRA MOR | लाली देवी मोर् / LALI DEVI MOR | पादरडी बडी / पादरडी बडी / सागवाडा / डूंगरपुर / राजस्थान / PADARDI BADI | पादरडी बडी / PADARDI BADI | पुरुष | 61 | पादरडी बडी / PADARDI BADI | | GANESH MOR | | | |
| 2 | 08124006480026200003 | 26/08/2015 | 14/04/2004 | शांतिदेवी / SHANTIDEVI SARPOTA | सेंगा / SENGA SARPOTA | मान / MAANA SARPOTA | पादरडी बडी / पादरडी बडी / सागवाडा / डूंगरपुर / राजस्थान / PADARDI BADI / PADARDI BADI / SAAGWADA / DUNGARPUR / RAJASTHAN | पादरडी बडी / पादरडी बडी / सागवाडा / डूंगरपुर / राजस्थान / PADARDI BADI / PADARDI BADI / SAAGWADA / DUNGARPUR / RAJASTHAN | पुरुष | 46 | पादरडी बडी / PADARDI BADI | | TDR SAGWARA | | | TDR SAGWARA ORDER NO.1262 DATE 24.08.2015 / TDR SAGWARA ORDER NO.1262 DATE 24.08.2015 |
| 3 | 08124006480026200004 | 06/10/2015 | 04/10/2015 | प्रभुलाल जोशी / PRABHULAL JOSHI | कुरीया जोशी / KURIYA JOSHI | जमना जोशी / JAMNA JOSHI | पादरडी बडी / PADARDI BADI / PADARDI BADI / SAAGWADA / DUNGARPUR / RAJASTHAN | पादरडी बडी / PADARDI BADI / PADARDI BADI / SAAGWADA / DUNGARPUR / RAJASTHAN | पुरुष | 98 | पादरडी बडी / PADARDI BADI | वृद्धावस्था | महेन्द्र जोशी | | | |
| 4 | 08124006480026200005 | 30/10/2015 | 26/10/2015 | अनार सिंह / ANAR SINGH | प्रताप सिंह / PRATAP SINGH | प्रतापी / PRATAPI | वमासा / पादरडी बडी / सागवाडा / डूंगरपुर / राजस्थान / VAMASA / PADARDI BADI / SAAGWADA / DUNGARPUR / RAJASTHAN | वमासा / पादरडी बडी / सागवाडा / डूंगरपुर / राजस्थान / VAMASA / PADARDI BADI / SAAGWADA / DUNGARPUR / RAJASTHAN | पुरुष | 83 | वमासा / VAMASA | वृद्धावस्था | कल्याण सिंह | | | |
| 5 | 08124006480026200006 | 23/11/2015 | 16/09/1997 | कौआ सरपोटा / KOUA SARPOTA | हुरजी सरपोटा / HURJI SARPOTA | मीर सरपोटा / MEER SARPOTA | पादरडी बडी / पादरडी बडी / सागवाडा / डूंगरपुर / राजस्थान / PADARDI BADI | पादरडी बडी / पादरडी बडी / सागवाडा / डूंगरपुर / राजस्थान / PADARDI BADI | महिला | 18 | पादरडी बडी / PADARDI BADI | | महेन्द्र सरपोटा | | | |

Developed By National Informatics Center (NIC), Rajasthan

रजिस्ट्रार के हस्ताक्षर